तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

13 तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए पीएचई...



14 वाराणसी की तर्ज पर धमतरी में निकली भोलेनाथ की बारात











## खबर संक्षेप

### सोनपैरी में मानसगान सम्मेलन आज से

**मगरलोड।** ग्राम सोनपैरी में मानसगान एवं व्याख्यान सम्मेलन 15 से 18 फरवरी तक होगा। 15 फरवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मुख्य अतिथि सरपंच इंदुलता दीवान होंगी। अध्यक्षता कृपाल सिंह ध्रुव करेंगे। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच भुनेश्वर साहू, दादूराम साहू, अशोक कुमार साहू, वीणा साहू होंगे। यह जानकारी पुनेश्वर कंवर ने दी।

### नल जल ऑपरेटर संघ की बैठक आज

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत नल जल ऑपरेटर संघ कुरूद ब्लाक की बैठक आज 15 फरवरी रविवार को खेल मैदान कुरूद में 11 बजे रखी गई है। संघ के टिकेश्वर साहू ने बताया कि बैठक में पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। कुरूद ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत में कार्यरत नल जल ऑपरेटर से उपस्थिति की अपील की गई है।

### आमदी में मानसगान एवं विशाल भंडारा आज

**आमदी(धमतरी)।** श्री रामेश्वर धाम समिति आमदी एवं नगरवासियों के सहयोग से महाशिवरात्रि पर श्री रामेश्वर धाम चंडी मंदिर प्रांगण में भोलेनाथ का जल अभिषेक एवं एक दिवसीय मेला के साथ संगीतमय मानस गान, भजन मंडली का आयोजन किया गया है। 12 बजे से 3:30 बजे पुष्पांजलि मानस परिवार खैरागढ़ सुमधुर अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 5 बजे से जलाभिषेक, 7 बजे मंत्रोच्चारण, 9 बजे हवन पूजा एवं महाआरती होगी।

### पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक आज

**मगरलोड।** मधुबन धाम राकांडीह में गुरूजी आनंद मतावले के सानिध्य में साधकों द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को ब्रम्ह मुहूर्त में मंत्रमय पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जायेगा, साथ ही 5 घण्टे का अखण्ड मंत्र जाप, अनुष्ठान संपन्न किया जायेगा। पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर मंत्रमय अभिषेक संपन्न किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न ग्रह दोष, कालसर्प दोष, मांगलिक दोष का निवारण किया जायेगा। तैयारी में गुरुसत्ता आध्यात्मिक तंत्र ज्योतिष वेलफेयर सोसाइटी गुरुधाम छत्तीसगढ़ जुटे हुए हैं।

### शंकरदाह मड़ई 17 को

**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह में 17 फरवरी मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेला को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच रंगसरोवर (बारुका) जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। लोकगीत और पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगे।

सीआरपीएफ जवान जा रहे थे घर, खपरी बाईपास में हुई सड़क दुर्घटना

# नेशनल हाईवे पर थम नहीं रहे हादसे, फिर गई चार की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अवकाश मिलने पर होली मनाने अपने-अपने घर जाने के लिए निकले सीआरपीएफ के जवानों से भरी तेज रफ्तार कार खपरी बाईपास में खड़े ट्रक से टकरा गई। इस घटना में तीन जवान व कार चालक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया।

रफ्तार ने एक बार फिर बाईपास में कहर बरपाया है। सीआरपीएफ जवानों से भरी हाईस्पीड कार खपरी बाईपास में खड़े ट्रक के पीछे टकरा गई। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन 201 बस्तर की करनपुर में तैनाती है। इस बटालियन में सब इंस्पेक्टर उमेन्द्र सिंह निवासी झुनझुनु राजस्थान, हेड कांस्टेबल मुकेश सिंह रांची झारखण्ड व कांस्टेबल राजकुमार गौड पटना-बिहार निवासी पदस्थ थे। छुट्टी मिलने पर कोबरा बटालियन के चारों जवान बस्तर के करनपुर से जगदलपुर पहुंचे। शनिवार की सुबह 5 बजे चारों



जवान जगदलपुर से चालक हीरालाल नागर निवासी पंडरिया रींवा मप्र की स्वीप्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 17 जेडएच 4897 में सवार होकर छुट्टी पर होली मनाने अपने-अपने घर जाने के लिए निकले। सभी जगदलपुर से रायपुर जा रहे थे। रायपुर पहुंचने के बाद सभी अपने-अपने घर के लिए रवाना होते। इसी बीच जवानों को लेकर आ रही तेज रफ्तार कार धमतरी खपरी बाईपास से गुजरते समय सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं सवार दो जवान व कार चालक क्षतिग्रस्त कार में दब गए जिसमें तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में जवान गंभीर रूप से घायल हुए थे जिन्हें संजीवनी 108 व वरदान संस्था की एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घायल एक जवान ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। वहीं घायल जवान अभिमान राय को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी होते ही महापौर रामू रोहरा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार, एएसपी, सीएसपी, कोतवाली टीआई, अर्जुनी प्रभारी तत्काल जिला अस्पताल पहुंच गए। महापौर रामू रोहरा ने मोबाइल पर गृहमंत्री विजय शर्मा को घटना की जानकारी दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए घायल जवान को इलाज के लिए तत्काल रायपुर भेजने के लिए कहा। घायल जवान को रायपुर ले जाकर नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां घायल जवान का उपचार जारी है। भीषण हादसे में सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन में पदस्थ उमेन्द्र सिंह एसआई, मुकेश सिंह प्रधान आरक्षक, राजकुमार गौड आरक्षक व कार चालक हीरालाल नागर की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं जवान अभिमान राय घायल हुआ है।

### रायपुर में जवानों के शव का पोस्टमार्टम

सूचना मिलते ही सीआरपीएफ के डीआईजी वीएस पाण्डेय, आईजी विजयप्रताप दलबल के साथ धमतरी जिला अस्पताल पहुंचे। घटना की जानकारी लेने के बाद शव की पहचान कराई गई। तीन जवानों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रायपुर के लिए रवाना किया। वहीं कार चालक के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया गया। डीआईजी वीएस पाण्डेय ने बताया कि यह बड़ी दुखद घटना है। शवों को उनके गृहग्राम भेजा जाना है। पहुंचने में समय लगेगा। इसीलिए शवों को रायपुर में पोस्टमार्टम के बाद एम्बाबिंग कराकर सुरक्षित उनके घर भेजा जाएगा।

### महापौर, कलेक्टर, एसपी ने संवेदना जताई

जिला अस्पताल पहुंचे महापौर रामू रोहरा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा व एसपी सूरज सिंह परिहार ने घटना को दुखद बताते हुए संवेदना जताई है। वहीं कलेक्टर व एसपी ने कहा कि दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने बाईपास व हाइवे में आवश्यक कदम उठाए जायेंगे।

### मृत जवानों को रंजना ने दी श्रद्धांजलि

शनिवार को एनएच 30 में अर्जुनी थाना क्षेत्र के खपरी बाईपास के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में कोबरा बटालियन के तीन जवान और एक ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। एक जवान घायल है। मृतकों में तीन कोबरा बटालियन के जवान और एक सिविलियन शामिल है। इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदयविदारक है। देश के तीन जांबाज वीरों सहित एक अन्य व्यक्ति की दर्दनाक मौत हुई है। कोबरा बटालियन के जवान छुट्टी पर जा रहे थे और अचानक ऐसा हादसा हो जाना बेहद दुखद है। श्रीमती साहू ने मृत जवानों को श्रद्धांजलि दी व घायल जवान के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

# चना खरीदी : सालभर बाद भी हमालों को भुगतान नहीं

- समितियों को प्रासंगिक व्यय, सुरक्षा व्यय की राशि भी अप्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सालभर बाद भी चना खरीदी में जुटे हमाल, मजदूर सहित अन्य लोगों का भुगतान नहीं किया गया है। अब फिर से चना खरीदी की जा रही है। ऐसे में सहकारी समितियों से विरोध का स्वर उठने लगा है। हमाल, मजदूरों ने चना खरीदी की मजदूरी के साथ समितियों के कमीशन का भुगतान करने की मांग की है।

शासन द्वारा पिछले साल से जिले में चने की खरीदी की जा रही है। पिछले साल जिले के 8 खरीदी केंद्रों में 2 हजार 197 किसानों से 20



फाइल फोटो

हजार 646 क्विंटल 50 किलोग्राम चने की खरीदी की गई थी। इस साल खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। उधर जिले में चना का रकबा भी बढ़ा है। ऐसे में पिछले साल से ज्यादा इस साल खरीदी होने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन जिन लोगों पर चना खरीदी का दारोमदार है, वही कर्मचारी इस साल चना खरीदने से डर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल उन्होंने चने की खरीदी की है, लेकिन इसके एवज में एक रुपए का कमीशन नहीं दिया गया है। मजदूरों और हमालों का भी भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में समितियों में खरीदी को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं।

### व्यवस्था में सुधार की मांग

सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि गत वर्ष चना बेचने के बाद महीनों तक किसान भुगतान के लिए भटकते रहे। वे समिति के कर्मचारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। श्री साहू ने पिछले साल का भुगतान शीघ्र करने के साथ व्यवस्था में सुधार करते हुए किसानों को तत्काल पेमेंट करने की मांग की है।

### भुगतान की मांग

खरीदी केन्द्रों को अभी तक प्रसांगिक व्यय ,सुरक्षा व्यय, हमाली आदि की राशि प्राप्त नहीं हुई है। कई महीनों तक चना का परिवहन नहीं होने से भारी मात्रा में सूखत भी आई थी, जिसका खामियाजा समितियों से वसूला जाना है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह रायपुर हेड ऑफिस कार्यालय बैंक में चना खरीदी को लेकर बैठक हुई थी, जिसमें कर्मचारियों ने इसी मामले को लेकर आवाज जोर-शोर से उठाई थी। दो दिन पहले गूगल मीट का आयोजन कृषि विभाग धमतरी के द्वारा किया गया था। जिसमें समितियों द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि गत वर्ष की राशि का भुगतान नहीं होता है तो वे चने की खरीदी इस वर्ष नहीं करेंगे।

# नहीं रहे वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार रंजीत भट्टाचार्य

- हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय धमतरी में 21 साल तक संपादकीय दायित्व निभाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय धमतरी में 21 साल तक संपादकीय कार्य करने वाले वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार रंजीत भट्टाचार्य 74 वर्ष का उपचार के दौरान रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। श्री भट्टाचार्य के निधन की खबर से साहित्य एवं पत्रकार जगत में शोक व्याप्त है। उनके सान्निध्य में कई लोगों ने पत्रकारिता के गुर सीखे। वे अपने पीछे साहित्यकार एवं पत्रकार जगत का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।



रंजीत भट्टाचार्य मूलतः धमतरी के निवासी रहे हैं। उन्होंने 1978 में पत्रकारिता की शुरूआत अपने मित्र रामबिलास अग्रवाल के साथ साप्ताहिक अखबार अपना मोर्चा के सम्पादक के रूप में की। पत्रकार रामबिलास अग्रवाल और रंजीत भट्टाचार्य के बीच मित्रता एक सगे भाई की तरह रही। रामबिलास अग्रवाल उन्हें (रंजीत भट्टाचार्य) बड़े भाई की तरह मानते थे और एक ही घर में रहते थे। रंजीत भट्टाचार्य अपना मोर्चा में 11 साल तक सम्पादक रहने के बाद दैनिक अखबार अमृत संदेश से जुड़ गये। वे 1989 से 1997 तक इसी दैनिक अखबार में कार्यरत रहे। 1999 में चार माह के लिए एक राष्ट्रीय अखबार में ब्यूरो चीफ रहे। वे प्रखर समाचार में अपनी सेवाएं दी। वर्ष 2000 में समाचार पत्र हरिभूमि से जुड़ कर ब्यूरो चीफ के रूप में कार्य किए। 21 साल तक इसी अखबार में पत्रकारिता की। हरिभूमि से रिटायरमेंट के बाद पत्रकारिता के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र में उनका लेखन जारी रहा। गजलें और कहानियां भी लिखते रहे।

उनकी दो उपन्यास पाव बनिहार, अबूझमाड़ का अतिथि के अलावा अनेक कविता संग्रह और रचनाएं प्रकाशित हुईं। रंजीत भट्टाचार्य के परिवार में दो भाई संदीप और सुजीत व तीन बहनें हैं। रंजीत भट्टाचार्य के निधन की सूचना पाकर महापौर रामू रोहरा, दीपक लखोटिया, बजरंग अग्रवाल, साहित्यकार चंद्रशेखर शर्मा, अधिवक्ता अमरचंद जैन, गोपाल पांडे, पवनगिरी गोस्वामी, रंजीत छाबड़ा, जिला हिन्दी साहित्य समिति अध्यक्ष डुमनलाल ध्रुव, सरिता दोशी के अलावा पत्रकारगण, साहित्यकार, गणमान्य नागरिक और परिवार के लोग पहुंचे थे।

हरिभूमि परिवार धमतरी के सभी सदस्यों ने उनके निवास स्थान जाकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मेडिकल कॉलेज को सौंपी गई मृत काया

रंजीत भट्टाचार्य ने अपने जीवन काल में नेत्रदान और देहदान की घोषणा की थी। उनकी इच्छानुसार सबसे पहले हाऊसिंग बोर्ड कालोनी रामबिलास अग्रवाल के निवास से सुबह मेडिकल टीम के नेत्र सहायक अधिकारी गुरूशरण साहू, तोमेश भंडारी, ओमप्रकाश पटेल, लोकेश यदु ने नेत्रदान की औपचारिकता पूरी की। इसके बाद दोपहर को निवास स्थान से अंतिम यात्रा निकाली गई। थोड़ी दूर बाद मेडिकल टीम एम्बुलेंस से उनकी मृतकाया को मेडिकल कालेज रायपुर ले गई। इस तरह देहदान की प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई।

उदंती सीतानदी जंगल के कुल्हाड़ी घाट क्षेत्र में अस्थाई झोपड़ी बनाकर शिकार को देते थे अंजाम

# मोर और खरगोश के तीन शिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में मयूर और खरगोश के शिकारियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोर के पंजे, मोर पंख, फंदा, तीर कमान सहित शिकार में उपयोग होने वाले सामान को जब्त किया है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 5 फरवरी 2026 को वन परिक्षेत्र कुल्हाड़ी घाट बफर के पेट्रोलिंग श्रमिकों को गश्त के दौरान कक्ष क्रमांक 815, संरक्षित वनक्षेत्र परिसर ओड़ में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से झोपड़ी बनाकर रात को शिकार करने की सूचना मिली। सूचना पर वन अमले ने त्वरित



कार्रवाई करते हुए झोपड़ी में मौजूद ग्राम पंडरीपानी एवं गोडलबाय निवासी 3 आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी ग्राम पंडरीपानी निवासी चैनसिंग 40 वर्ष, टीकम भुजिया 39 वर्ष तथा ग्राम गोडलबाय निवासी पवन भुजिया 30 वर्ष से पूछताछ करने पर शिकार करना स्वीकार किया।

मोर पंजा सहित शिकार का सामान जब्त

प्रारंभिक कार्रवाई के बाद वन उपमंडलाधिकारी के सर्च वारंट के आधार पर 10 फरवरी को आरोपियों के घर एवं बाड़ी की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोर के दो पंजा, 10 मोर पंख, 2 शाही कांटे, 2 जीआईतार के फंदे, 9 खरगोश फंदा, 3 धनुष, 11 तीर, 3 नुकीले तीर के हिस्से, 2 कुल्हाड़ी डंडा सहित 3 मछली जाल, 1 चाकू, 1 हंसिया, 1 गुलेल एवं अन्य उपयोगी सामग्री बरामद कर वन अमला की उपस्थिति में विधिवत जब्त किया गया।

### वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की कार्रवाई

यूएटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 27, 30, 31, 50, 51 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। 11 फरवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से न्यायालय ने आरोपियों को 14 दिनों के न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई में वनपरिक्षेत्राधिकारी कुल्हाड़ी घाट, उदंती सीतानदी व टाइगर रिजर्व के अमला, वन परिक्षेत्र धवलपुर के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग की त्वरित और सख्त कार्रवाई से वन्य जीव शिकार करने वालों में हड़कंप मंच गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि संरक्षित क्षेत्र में शिकार करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**खबर संक्षेप**




## विकसित भारत रोजगार गांरटी मिशन पर जनपद में 19 को होगी चर्चा

**मगरलोड।** जनपद पंचायत मगरलोड के सभाकक्ष में 19 फरवरी को विकसित भारत रोजगार गांरटी मिशन ग्रामीण 2025 योजना का प्रचार प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम 11 से 1 बजे तक जनपद पंचायत मगरलोड सभाकक्ष में होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिला पंचायत सभापति मीना साहू, जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर, जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव, जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं उपसरपंचों से उपस्थिति की अपील की है।

## पीएम आवास योजना से धनसिंह के पक्के घर का सपना हुआ साकार

**फरसगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 8 के निवासी धनसिंह हिडको के पक्के मकान सपना पूरा हुआ। उन्होंने बताया कि वर्षों तक अपने परिवार के साथ एक कच्चे मकान में निवास करता था। हर मौसम अपने साथ नई परेशानी लेकर आता था। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता था, कच्ची दीवारों से नमी रिसती थी और हर साल छत की मरम्मत में मेहनत और पैसा दोनों लगते थे। ऐसे हालात में परिवार की सुरक्षा और बच्चों का भविष्य चिंता का विषय बना रहता था। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी की हमेशा यह इच्छा थी कि हमारा भी एक पक्का घर हो, जहाँ हम सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। लेकिन एक सामान्य किसान के लिए पक्का मकान बनवाना केवल एक सपना ही था। तभी वार्ड में मुनादी और शिविर के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली, जिसके तहत शासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। धनसिंह ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया और सभी प्रक्रियाएँ पूरी कीं। जब स्वीकृति मिली तो उनकी पत्नी की आँखें खुशी से नम हो गईं। धीरे-धीरे निर्माण कार्य शुरू हुआ और कुछ ही समय में उनके सपनों का पक्का घर तैयार हो गया। अब उनका परिवार सुरक्षित वातावरण में रह रहा है, जहाँ बारिश और मौसम की मार का भय नहीं है।

**निधन**

### कामता प्रसाद साहू



**मगरलोड।** ग्राम धौराभाठा नवागांव निवासी कामता प्रसाद साहू उम्र 66 वर्ष का निधन 13 फरवरी शुक्रवार को हो गया। वे कृपाराम साहू के ज्येष्ठ पुत्र, गोदावरी साहू के पति, धर्मेन्द्र साहू के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार में पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिकजन, परिवारजन सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**आम-सूचना**

सर्व साधारण आम-जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम लिमतरा प.हनं. 19 रा.नि.मं. मोथली तहसील व जिला धमतरी में खसरा नंबर 114, 219, 351/1, 113 कुल रकबा 2.25 हे. भूमि जो कि स्व. डेरहिन बाई पति मिलन दास के नाम पर भू-अभिलेख खसरा पांचशाला में दर्ज था जिसमें मेरे पक्षकार सौरभदास पिता परदेशीराम द्वारा काश्त किया जाता है तथा स्व. डेरहीन बाई ने मेरे पक्षकार के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया है किंतु उक्त भूमि को श्रीमती पुष्पा बघेल पति श्री करुणाकर बघेल जाति पनिका निवासी बराईपाली बेहरामुड़ा चौक सेंट्रल रोड संबलपुर उड़ीसा द्वारा छलपूर्वक अपने पक्ष में नामांतरण करा लिया है तथा उक्त भूमि को अफरा-तफरी के लिए विक्रय कर सकती है मेरा पक्षकार उक्त नामांतरण आदेश के विरूद्ध अपील प्रस्तुत प्रस्तुत कर रहा है तथा सिविल न्यायालय में भी अलग वाद प्रस्तुत करेगा यदि इस सूचना के उपरांत भी किसी व्यक्ति संस्था, निकाय द्वारा क्रय किया जाता है तो उसे कोई भी स्वत्व प्राप्त नहीं होगा। क्योंकि स्व. डेरहीन बाई ने अपने भाई परदेशीराम के पुत्र सौरभदास के पक्ष में वसीयत किया है तथा समस्त भूमि पर डेरहीन बाई के जीवन-काल से ही कृषि कार्य करता है तथा उसका देखरेख, सेवा-जतन, वक्त जरूरत पर ईलाज सौरभ दास द्वारा किया जाता था।

अतः इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पा बघेल पति करूणा कर बघेल से उक्त भूमि का क्रय, सौदा या किसी भी प्रकार से अंतरण इत्यादि अवैध है यदि कोई अंतरण, संव्यवहार होता है तो संबधित को भी आवश्यक पक्षकार बनाया जावेगा जिसकी समस्त जवाबदारी आप सभी अंतरिती की होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक-14/02/2026

**भवदीय**
**संदीप सिंह भरतद्वाज अधिवक्ता**
**तहसील कार्यालय परिसर धमतरी**
**तहसील व जिला धमतरी**
**मो.नं. 99937 40057**

दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ेगी, शाम को महाआरती एवं प्रसादी का होगा आयोजन

# आज महाशिवरात्रि पर कर्णेश्वर धाम में होगी विशेष पूजा व महारुद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ऐतिहासिक कर्णेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-पाठ एवं धार्मिक आयोजनों की व्यापक तैयारी की जा रही है। कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि 11वीं शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा निर्मित इस प्राचीन धाम को महाशिवरात्रि के अवसर पर आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हो सके।



उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन प्रात-काल से ही भगवान कर्णेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना एवं अभिषेक का क्रम प्रारंभ होगा। शाम को ट्रस्ट द्वारा महारुद्राभिषेक, महाआरती एवं प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सांकरा की मानस मंडली द्वारा शिव महिमा का भावपूर्ण गुणगान प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे पूरा धाम भक्तिमय माहौल में सराबोर रहेगा।

महाशिवरात्रि के आयोजन में ट्रस्ट संरक्षक कैलाश पवार, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर व रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सहसचिव रामभरोसा साहू सहित ट्रस्ट के सदस्य मोहन पुजारी, प्रकाश बैश, नागेंद्र शुक्ला, योगेश साहू, छबि ठाकुर, बबलू गुप्ता, दुर्गेश साहू, ईश्वर जांगड़े, डोमार मिश्रा, महेंद्र कौशल, अनिरुद्ध साहू, गगन नाहटा, ललित निर्मलकर, संतु साहू, मिलेश साहू, प्रमेश निषाद सहित अनेक कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

# करेली बड़ी स्कूल में बोर्ड परीक्षा की तैयारी

- कक्षा 12वीं से 49 एवं कक्षा दसवीं से 77 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे




हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 की समय सारिणी घोषित की जा चुकी है। परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक एक ही शिफ्ट में होंगी। कक्षा 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक और 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक होगी। दोनों कक्षा की परीक्षा शुरूआत हिंदी पर्चा के साथ होगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी में परीक्षा सेंटर को लेकर प्रशासन ने छात्रों को शांत और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। परीक्षा केंद्र में साफ-सफाई, बैठने की उचित व्यवस्था,पेयजल, पंखा तथा सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। प्राचार्य कोमल सिंह साहू ने बताया कि सभी कक्ष में प्रकाश, पेयजल और पंखों की व्यवस्था की गई है। छात्रों की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार पर मार्गदर्शन डेस्क भी स्थापित किया गया है। सत्र 2025-26 में कक्षा 12वीं के 49 एवं कक्षा दसवीं के 77 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा प्रभारी द्वारा उत्तर पुस्तिका में सील एवं रोल नंबर टेबल पर दुरुस्त करने की तैयारी चल रही है। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पालक संपर्क किया जा रहा है।

# मरीजों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना अनिवार्य

- कलेक्टर ने कुकरेल स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, व्यवस्था को और सुदृढ़ करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा विकासखंड नगरी अंतर्गत कुकरेल स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपचार हेतु आए मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उपचार व्यवस्था, दवाई वितरण, भोजन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीज को समयबद्ध, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रसूति कक्ष, मरीज वार्ड, दवा वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष सहित अन्य आवश्यक कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों को प्रदान किए जा रहे भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि मरीजों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। मौके पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यूएल कौशिक सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था पर विशेष जोर

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का अवलोकन कर नियमित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों को शुद्ध पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध हो।

### योगा एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में संचालित योग गतिविधियों की जानकारी ली। चिकित्सकों द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक शनिवार को योग सत्र आयोजित किया जाता है। कलेक्टर ने निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने निजी चिकित्सा संस्थान से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि मरीजों को जांच के लिए अनावश्यक रूप से बाहर न जाना पड़े।

## भंवरमरा में मड़ई आज

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम भंवरमरा चौक के बूढ़ादेव प्रांगण में 15 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में दर्शको के मनोरंजन के लिए छैला नाचा पार्टी ग्राम खैलटुकरी कुण्डा जिला कबीरधाम छग की प्रस्तुति होगी। तैयारी में क्षेत्रीय पाली के सोमनाथ ध्रुव, देवचंद ध्रुव, चंदन ध्रुव, चेतन नेताम, श्रीमती प्रेमलता ध्रुव, सरपंच श्रीमती रोमी ध्रुव, शिवप्रसाद ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, बूढ़ादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन मंडावी, सचिव तोषण कोर्राम, मानसिंग नेताम, रूपसिंह ध्रुव, चमरुराम ध्रुव, मन्नू, अशोक नागवंशी, सोमनाथ ध्रुव जुटे हुए हैं।

# टिकेश साहू बने सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष

- 370 पंचायतों की मजबूती का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



जिले में ग्रामीण स्वशासन को नई ऊंचाई पर ले जाने और पंचायतों के अधिकारों की रक्षा के लिए जिला सरपंच संघ का गठन किया गया। नवागांव उमरदा के सरपंच टिकेश साहू को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया है। यह नवगठित संघ धमतरी, नगरी, मगरलोड और कुरूद विकासखंड की कुल 370 ग्राम पंचायतों का प्रतिनिधित्व करेगा, जो जिले के ग्रामीण विकास में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा।

नवनियुक्त अध्यक्ष टिकेश साहू ने पदभार ग्रहण करते हुए अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि संघ का लक्ष्य 15वें वित्त आयोग की निधियों का पारदर्शी उपयोग, मनरेगा का प्रभावी क्रियान्वयन और पंचायतों को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ना है। इसके साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओंविशेषकर वीबी-जी राम जी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। संगठन ने केवल प्रशासनिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों को भी अपनी कार्ययोजना में प्रमुखता दी है। संघ द्वारा नशा मुक्ति अभियान, प्लास्टिक मुक्त धमतरी और जल संरक्षण जैसे विषयों पर विशेष कार्य करने का निर्णय लिया गया है।

इस दौरान कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण पदों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में चारों ब्लॉक के अध्यक्ष धमतरी से हिमांशु शेखर साहू, मगरलोड से श्रीमती राखी साहू, नगरी से उमेश देव और कुरूद से हृदयेश्वर हरिशंकर साहू की उपस्थिति रही। सभी सरपंचों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि जिला सरपंच संघ सुशासन, पारदर्शिता और ग्राम स्वराज की अवधारणा को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य करेगा।

# बेलरगांव में जगह-जगह कचरे के ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- स्वच्छता व्यवस्था पर उठ रहे गंभीर सवाल, दुर्गंध से लोग हलाकान

राष्ट्रीय गौरव ग्राम पंचायत बेलरगांव के मुख्य मार्ग सहित कई स्थानों पर कूड़े-कचरे के ढेर लगे होने से क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मार्ग किनारे रखे गए कूड़ेदानों से कचरा बाहर गिरकर नालियों में गिर रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है। इससे राहगीरों तथा स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि यह मुख्य मार्ग अत्यंत व्यस्त है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग, स्कूली बच्चे, आम नागरिक तथा जनप्रतिनिधि गुजरते हैं। इसके बावजूद लंबे समय से सफाई व्यवस्था की अनदेखी होने के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग से गुजरते समय तेज बदबू के कारण उन्हें असुविधा होती है और आसपास रहने वाले परिवारों व दुकानदारों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बन गई है।





ग्रामीणों व व्यापारियों ने चिंता जताते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। इस संबंध में सरपंच रीता नेताम ने बताया कि अभी सफाई कर्मी नहीं आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जायेगी।

# जोरातराई में मनाया गया वजन तिहार

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



ग्राम जोरातराई में आंगनबाड़ी केंद्र के तत्वावधान में वजन तिहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं की ऊंचाई एवं वजन का मापन किया गया। गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं का भी वजन कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने छोटे-छोटे बाल गोपालों का वजन कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया तथा बच्चों के समुचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक केजू राम साहू, चुरामन साहू, नंदकुमार साहू, आरएचओ श्रीमती सीमा पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमा वैष्णव, सुखवती साहू, पद्मिनी साहू, जागेश्वरी बंदे, कनक, दुलारी पटेल, ईश्वरी तारक, सुलोचनी साहू, उमा तारक सहायिका, सत्यभामा निषाद, गीतांजलि साहू, नीलम साहू, कुंती तारक, रामेश्वरी निषाद, नंदनी साहू सहित गांव की महिलाओं ने सहभागिता निभाई। लगभग 25 बच्चों की उपस्थिति में आयोजित वजन तिहार को ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक मनाया और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# डांडेसरा की आंगनबाड़ी में बच्चों का वजन मापा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम डांडेसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1, 2 एवं 3 में बच्चों का वजन त्योहार मनाया गया। बच्चों की आयु के अनुसार वजन एवं ऊंचाई मापी गई तथा उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी अभिभावकों को दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों के वजन चार्ट के माध्यम से यह समझाया कि सही उम्र में उचित वजन होना उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए कितना आवश्यक है।

सरपंच खुमेश्वरी साहू ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशानुसार समय-समय पर वजन त्योहार का





आयोजन किया जाता है ताकि बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी हो सके। इस तरह के आयोजन से कुपोषण की समय रहते पहचान होती है और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभिभावकों को बच्चों के लिए पौष्टिक व संतुलित आहार देने की सलाह दी।

मौके पर पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती लहरे, तीजन साहू, नीतू जोशी, सहायिका दीक्षा सोनवानी, हेमलता कंवर, दामिनी जांगड़े, अंजू ध्रुव, दुर्गा साहू, मोनिका साहू, भुनेश्वरी जोशी, अमरीका सेन, कोमिन साहू, सविता जोशी, भुनेश्वरी ध्रुव, लेखनी साहू, नीलमणि, डिगेश्वरी ध्रुव सहित अन्य उपस्थित थे।

तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव से कुरूद हुआ भक्तिमय, श्रद्धालुओं में अपार उत्साह

# कुरुद के मिनी बैद्यनाथ धाम में होगी शिव-परिवार की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर के केनाल रोड स्थित अब्दुल कलाम गार्डन के समीप नवनिर्मित मिनी बैद्यनाथ धाम इन दिनों आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव ने पूरे कुरूद को शिवमय कर दिया है। वैदिक मंत्रों, शंखध्वनि और भक्तों के जयघोष से क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है।





आयोजन का शुभारंभ 13 फरवरी को मां चंडी मंदिर से निकली कलश यात्रा के साथ हुआ। आचार्य पंडित धीरज शर्मा के मार्गदर्शन में प्रथम दिवस जलाधिवास और द्वितीय दिवस प्रतिमाओं का फलाधिवास एवं अन्नाधिवास विधि-विधान से संपन्न कराया गया।

पंडित शर्मा ने बताया कि यह धाम कुरूद की आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। समिति अध्यक्ष भानु चंद्राकर एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर सहित समस्त सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। आज महाशिवरात्रि पर शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होगी, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है।

इस अनुष्ठान में रामाकांत चंद्राकर, सुरेंद्र सिन्हा, टिकेश्वर चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। भक्ति और सामूहिक आस्था का यह संगम आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के लिए ऊर्जा का मुख्य केंद्र बनेगा।

## खबर संक्षेप

### महेंद्रपुर आंबा केंद्र में मनाया वजन त्योहार

**दुर्गुकोंदल।** महेंद्रपुर आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार मनाया गया। इस दौरान बच्चों और माताओं की वजन नापी गई। ग्राम पंचायत राउरवाही के सरपंच बलराम टेपरिया ने बच्चों का वजन मापन कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों का नियमित वजन मापन कुपोषण से मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने पालकों से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और शासन की योजनाओं का लाभ लेने कहा। कार्यक्रम में आँगनबाड़ी कार्यकता बिंदा सलाम, मीना उयके, शशि उयके, नर्मिला सलाम, महेश्वरी उयके, कौशिया उयके आदि उपस्थित रहे।

### खाद्य प्रसंस्करण का मिला किसानों को प्रशिक्षण

**कांकेर।** कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण तथा गो हार्वेस्ट के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि उत्पाद एवं खाद्य निर्यात विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीरबल साहू ने जिले में खाद्य प्रसंस्करण की सम्भावनाओं पर प्रकाश डाला। एपिडा के अशोक कुमार बोरा ने एपिडा की भूमिका पर जानकारी दिया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नरेन्द्र हरिदास तायड़े ने कृषि और खाद्य उद्योग के प्रसंस्करण तकनीक, मूल्यसंवर्धन और विपणन नीति पर विस्तृत जानकारी दिया। गो हार्वेस्ट एफपीओ के डायरेक्टर छबीलाल नाग, अर्चना सिन्हा सहित ग्राम पुसवाड़ा, अंजनी, पटोली, दसपुर, गोवर्धन एवं गढ़पिछवाड़ी ग्राम के 60 कृषक उपस्थित हुए।

### चिचगांव वार्षिक देव मेला 17-18 को, तैयारियां तेज

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम चिचगांव में दो दिवसीय वार्षिक देव मेला का आयोजन 17 एवं 18 फरवरी को किया जाएगा। इस पारंपरिक मेले में आसपास के ग्राम दाबकट्टा, जलीनकसा, रानिडोंगरी, पीचेकट्टा, मरदेल एवं रानवाही से देवी-देवताओं के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे।मेले के दौरान रात्रि में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें "महतारी के आंसू" तथा ग्राम संसार गढ़, अंबागढ़ चौकी द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। सरपंच शशि उयके ने बताया कि मेले के सफल आयोजन को लेकर गायता, पटेल एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारियों की रूपरेखा तय की गई है। बाहर से आने वाले व्यापारियों की सुविधा के लिए स्थान, प्रकाश एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी भी व्यापारी को असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि मेले के दौरान शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग को भी सहयोग हेतु सूचित किया जाएगा। मेले की तैयारियों में दशरथ पटेल, बिहारी निषाद, ईश्वर चक्रधारी, छबिलाल पटेल, कृष्णा चक्रधारी, श्यामलाल दरपट्टी एवं गणेश कोर्राम सहित अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने नए अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक

# तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए पीएचई एवं पीडब्लूडी के अधिकारियों से समन्वय बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



भखारा नगर में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले ग्रीष्म काल में पहले प्लानिंग कर पेयजल व्यवस्था उच्च दुरुस्त कर ली गई थी जिसके लिए नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों सहित सभी कर्मचारियों की प्रशंसा भी हुई थी। फिल्टर प्लांट रामपुर रोड, इंटेक प्लांट सिलघट के सभी प्रभारी व कर्मचारियों के साथ मोटर पंप व्यवस्था सहित पेयजल तंत्र की समीक्षा की गई।

बैठक में ज्योति जैन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, जल विभाग सभापति हितेंद्र साहू, पार्षद छबिलाल निर्मलकर, इंजीनियर श्रीमती ज्योति साहू, मोटर पंप एवं बिजली व्यवस्था प्रभारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने अधिकारियों से जल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, विद्युत आपूर्ति में आ रही बाधाओं, मोटर पंप संचालन, पाइपलाइन लीकेज तथा जल दबाव संबंधी समस्याओं की जानकारी ली।

अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु पीएचई एवं पीडब्लूडी के उच्च अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करने को कहा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था एवं अतिरिक्त मोटर पंप की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

अध्यक्ष ने कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे। स्टॉक रजिस्टर को मेंटेन किया जाएगा। सभी को आई कार्ड प्रदान किए जाएंगे। मरम्मत कार्य तत्काल शुरू किए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, राजस्व सभापति छबिलाल निर्मलकर, पेयजल प्रभारी शोभाराम साहू, भुवनेश्वर साहू, ताराचंद साहू, धनुराम साहू, सुरेश कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, लीलाधर निषाद, मुकेश कुमार बंजारे, लैब टेक्निशियन भूमिका साहू, सेवकराम पटेल, चुम्मन गोस्वामी, पुष्पेंद्र साहू उपस्थित थे।

# करगा स्कूल में चल रहा उपचारात्मक शिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा में विषय शिक्षकों द्वारा अपने-अपने स्तर पर उपचारात्मक शिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेरिट में आने, उत्तर लिखने के तरीके की जानकारी दी जा रही है। शिक्षकों द्वारा अवकाश के दिनों में भी उपचारात्मक शिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य बालमुकुंद यदु ने बताया कि छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। छात्रों से व्यक्तिगत चर्चा भी की जा रही है। कोई भी समस्या आने पर सीधे विषय शिक्षक से फोन से बात करने नंबर भी दिया गया है, ताकि समस्या का सीधा समाधान हो सके। छात्रों का हर प्रकार का सहयोग करने शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। शिक्षक पालकों से सीधे संपर्क कर रहे हैं। सुबह पांच बजे सीटी बजाकर भी अध्ययन के लिए उठाए जा रहे हैं। पालकों से प्रतिदिन संपर्क किया जा रहा है। छात्रों को नोट्स देकर महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल कराया जा रहा है।

# रासेयो छात्रों ने ए प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण की



**धमतरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना ए प्रमाण-पत्र हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में परीक्षा का आयोजन किया गया। 43 स्वयंसेवकों ने लिखित परीक्षा व वाइवा दिलाया। बाह्य परीक्षक के रूप में शेषनारायण गजेंद्र रासेयो कार्यक्रम अधिकारी खरेंगा उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं को बताया कि एनएसएस से चारित्रिक व नैतिक विकास होता है। प्राचार्य एलके उपाध्याय ने कहा कि सुनागरिक बनने व सेवा कार्य की सीढ़ी राष्ट्रीय सेवा योजना है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने बताया कि स्वयंसेवकों ने 2 वर्ष में मतदाता जागरूकता, पौधारोपण, नशा मुक्ति, सफाई अभियान, पोषण कार्यक्रम, तिरंगा रैली, खेलकूद, गोद ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया तथा सात दिवसीय विशेष शिविर में भाग लिया। रासेयो ए प्रमाण-पत्र प्राप्त होने पर उन्हें भविष्य में बोनस अंक की पात्रता होगी। स्वयंसेवकों ओमेश, भूपेश, ओसी, उमा, उपासना ने अपना अनुभव शेयर किया। आभार प्रदर्शन डॉ. मंजूषा साहू ने किया। गोपेश साहू खेल शिक्षक, राकेश साहू व्याख्याता, प्राचार्य एलके उपाध्याय, शेषनारायण गजेंद्र को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूरेखा, योगमाया, जिज्ञासा, समीर, अमित, शेष पटेल, नेकप्रकाश, खुशाल, इंद्रपाल आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# प्रतिदिन योग, ध्यान करने से मन रहता है स्वस्थ : पूजा

- हाईस्कूल करेली बड़ी में जीवन कौशल और तनावमुक्त कैसे रहें, विषय पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी में डॉ. शारदा ठाकुर के मार्गदर्शन में पूजा वर्मा क्लिनिक साइकोलॉजिस्ट एवं अश्वनी गायकवाड़ (काउंसलर) द्वारा जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं एवं 11 वीं के बच्चों को जीवन कौशल को बेहतर बनाने तथा मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बच्चे तनावमुक्त कैसे रहें विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पढ़ाई के दबाव और प्रतिस्पर्धा के बीच संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट पूजा वर्मा ने विद्यार्थियों को तनाव के कारणों और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

उन्होंने नियमित दिनचर्या, योग-ध्यान, खेलकूद तथा समय प्रबंधन को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। साथ ही सकारात्मक सोच विकसित करने और अभिभावकों व शिक्षकों से खुलकर संवाद बनाए रखने की सलाह दी। काउंसलर अश्वनी गायकवाड़ द्वारा जीवन कौशल, तनाव प्रबंधन, नशा न करना, हमें अपनी भावनाओं व परस्पर व्यवहार संबंधी नियंत्रण, आगामी परीक्षा तैयारी व परीक्षाफल को बेहतर बनाने तथा मानसिक स्वास्थ्यव शारिरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं रखने के बारे में एक्टिविटी व गेम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

विद्यालय के उपप्राचार्य सुशील कुमार साहू ने कहा कि आज के दौर में छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है। प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं उन्हें पुरस्कार भी दिया गया। मौके पर उपप्राचार्य सुशील कुमार साहू, बृजेश देवांगन, शायर जितेन्द्र सुकुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

# कलेक्टर से मिले क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुकरेल(धमतरी)

फुटहामुड़ा नहरनाली निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ग्राम पंचायत कुकरेल के आश्रित ग्राम सिंघोलापारा पहुंचे। मौके पर कुकरेल सरपंच ओंकार सिंह नेताम, सचिव श्रीमती लक्ष्मी साहू, माकरदोना सरपंच सहदेव मरकाम, सचिव कोमल देव नेताम, बनबगौद सरपंच श्रीमती नोमेश्वरी, झाझरकेरा सरपंच विमल कुमार नेताम सहित ग्रामीणजन राजेंद्र नेताम, गीताराम नेताम, अरूण कोर्राम, अनुसुईया बाई, कुमारी बाई, बालमती, सरोज बाई, नाराना बाई, अंशु बाई उपस्थित थे। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से बातचीत की और समस्या बताने कहा। कुकरेल सचिव श्रीमती लक्ष्मी साहू ने कुकरेल बिझुली मार्ग, कुकरेल में सीसी रोड, सिंघोलापारा में तालाब निर्माण की मांग की। कांग्रेस नेता रोहित दास मानिकपुरी ने फुटहामुड़ा नहर नाली निर्माण की मांग की।

# चार्टर्ड अकाउंटेंसी, बैंकिंग, बीमा वित्तीय प्रबंधन पर दी जानकारी

- सुखराम नागे कॉलेज में रोजगार के अवसर एवं संभावनाएं विषय पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में नगरी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम अंतर्गत वाणिज्य शिक्षा में रोजगार के अवसर एवं संभावनाएं विषय पर व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया।

9 फरवरी को श्रृंगी ऋषि स्कूल नगरी में, 10 फरवरी को शासकीय उच्चतर कन्या विद्यालय नगरी में, 11 फरवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में तथा 12 फरवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य वक्ता डा रमेश कुमार देवांगन प्राध्यापक शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी, डा. दीपा देवांगन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य तथा कुमारी डिलेश्वरी पटेल जनभागीदारी शिक्षक थे।

मुख्य वक्ता डा. रमेश कुमार देवांगन ने विद्यार्थियों को वाणिज्य शिक्षा अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों जैसे चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कंपनी सेक्रेटरी, कास्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंसी, बैंकिंग, बीमा, वित्तीय प्रबंधन, एमबीए, आयकर एवं जीएसटी परामर्श, डिजिटल मार्केटिंग, ई-कामर्स, डेटा विश्लेषण तथा उद्यमिता के संबंध में जानकारी प्रदान की। डा. दीपा देवांगन ने वाणिज्य विषय की वर्तमान प्रासंगिकता एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कुमारी डिलवरी पटेल ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगणों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालयों के प्राचार्यगण एसके प्रजापति श्रृंगीऋषि उमा विद्यालय नगरी, श्रीमती मीनाक्षी रामटेके कन्या उमा शाला नगरी, श्रीमती अनिभा अग्रवाल शासकीय उमा.शाला सांकरा, एसआर साहू शासकीय उमा शाला सिहावा ने सहयोग प्रदान किया।

# महाशिवरात्रि पर महर्षि कुंभज ऋषि आश्रम में होगा रामचरित मानसगान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा स्थित महानदी चित्रोत्पला गंगा के उद्गम स्थल से लगभग एक किलोमीटर दक्षिण, मलयाचल पर्वत डोंगरीपारा में स्थित महर्षि कुंभज ऋषि आश्रम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तीन दिवसीय रामचरितमानस गान एवं मानस सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन विगत 19 वर्षों से निरंतर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हो रहा है।

आश्रम परिसर में लगभग 25 फीट ऊंचे प्राकृतिक शिवलिंग का महाशिवरात्रि के दिन 1001 बेलपत्र, दूध और दही से अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन किया जायेगा। धार्मिक मान्यता है कि त्रेतायुग में भगवान शंकर माता सती के साथ यहां आकर महर्षि कुंभज से रामकथा का श्रवण किए थे। गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस में भी इस प्रसंग का उल्लेख मिलता है।

वन विभाग द्वारा आश्रम में यज्ञशाला, पेयजल सुविधा, 250 सीढ़ियों तथा सौर ऊर्जा से विद्युत व्यवस्था स्थापित की गई है। तैयारी में अध्यक्ष भवानी लाल ध्रुव, उपाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी, मंशाराम गौर, विसम्भर कश्यप, सचिव अमरनाथ यदु, नरेश कश्यप, सह सचिव राजाराम कश्यप, कोषाध्यक्ष किशन नाग, प्रताप कश्यप, कार्यक्रम संयोजक देवब्रत सिंह, गौतम, दुर्गेश पटेल, पोखराज सेन जुटे हैं।

# भक्ति और अध्यात्म का हुआ अद्भुत संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

- सांकरा में बह रही है राम नाम की धारा

सांकरा में भक्ति और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब अमरनाथेश्वर राम जानकी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का शुभारंभ आचार्य पं. उदेभानू दीवान ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम और माता जानकी की पूजा-अर्चना से हुई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा सांकरा नगर राममय हो गया। आयोजकों ने बताया कि 13 फरवरी से 17 फरवरी तक चलने वाले इस मानस सम्मेलन में रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर विद्वान वक्ताओं द्वारा प्रवचन दिए जाएंगे। भजन-कीर्तन, कथा-वाचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की जाएगी। प्रतिदिन 8 मानस मंडली इस मंच पर आकर राम नाम का बखान कर रही है। तृतीय दिवस महाशिवरात्रि पर्व पर सांकरा सामतरा धमतरी, राजनांदगांव, हरदीभाटा गरियाबंद, मेचका धमतरी, सांकरा, डंगनिया रायपुर के मानसपुत्रों द्वारा कथा का श्रवण कराया जाएगा।

इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, सरपंच नागेन्द्र बोरझा, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, मानस सम्मेलन समिति अध्यक्ष सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष तीरथ साहू, सचिव नागेन्द्र बोरझा, उपाध्यक्ष गिरवर भंडारी, फूलचंद साहू, लोकनाथ साहू मंदिर पुजारी, यतीन पटेल,बंशीलाल ध्रुव, उदेराम साहू, मंशाराम साहू, ध्रुव, भादूराम साहू, राजू पटेल, गजेंद्र सोनबोईर, शशिभूषण साहू जुटे हुए हैं।

# फुटहामुड़ा नहर परियोजना को मिली रफ्तार

- कलेक्टर ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिले के नगरी विकासखंड में बहुप्रतीक्षित फुटहामुड़ा नहर निर्माण परियोजना अब तेज गति से आगे बढ़ रही है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जिससे किसानों के जीवन में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ग्राम फुटहामुड़ा पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थित अधिकारियों से तकनीकी जानकारी ली तथा निर्माण गुणवत्ता, कार्य की गति और समय सीमा की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों और किसानों से सीधी संवाद कर उनकी अपेक्षाओं और सुझावों को भी जाना। कलेक्टर श्री मिश्रा ने परियोजना को नगरी क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि फुटहामुड़ा नहर परियोजना विकासखंड के किसानों को दीर्घकालीन सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराएगी। प्रशासन की प्राथमिकता है कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग रूद्री कोड 38 हेमलाल कुरेसिया भी मौजूद थे।

ज्ञात हो कि फुटहामुड़ा नहर का निर्माण गंगरेल जलाशय के सैंडल डैम, ग्राम फुटहामुड़ा से प्रारंभ होकर लगभग 19.74 किलोमीटर लंबाई में किया जा रहा है। परियोजना पूर्ण होने पर नगरी विकासखंड के 22 ग्रामों के लगभग 1940 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्य नहर से प्रभावित 10 ग्रामों में कुल 14.33 हेक्टेयर भूमि का भू-अर्जन पूर्ण कर लिया गया है। वहीं वन प्रकरण से प्रभावित 24.42 हेक्टेयर भूमि की अंतिम चरण की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके साथ ही निर्माण कार्य में आने वाली प्रमुख प्रशासनिक बाधाएं दूर हो गई हैं, जिससे कार्य अब निर्बाध गति से आगे बढ़ रहा है।

जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग के अनुसार यह परियोजना केवल सिंचाई सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। सिंचाई सुनिश्चित होने से किसानों की आय में वृद्धि होगी, कृषि आधारित रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा पलायन पर प्रभावी नियंत्रण लगेग। फुटहामुड़ा नहर परियोजना नगरी अंचल में कृषि समृद्धि की नई दिशा तय करने वाली पहल के रूप में देखी जा रही है, जो क्षेत्र में हरित विकास और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला सिद्ध होगी।

# आत्म अनुशासन से विद्यार्थी आगे बढ़ें : घनश्याम सिंह



**धमतरी।** बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम लाने के उद्देश्य से इन दिनों विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के अध्ययन संबंधी सुझाव दिए जा रहे हैं। पांच वर्षों के पुराने प्रश्नपत्र हल करना, प्रश्न बैंक का उपयोग, सुबह-शाम नियमित अध्ययन, रिमिडियल क्लास में भाग लेना जैसे अनेक उपाय अपनाए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में सेवानिवृत्त व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू ने परीक्षार्थियों को आत्म अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा कि यदि विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन नहीं होगा, तो अन्य सभी प्रयास अधूरे साबित होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए पूरे वर्ष पाठ्यक्रम का नियमित अध्ययन आवश्यक है। श्री साहू ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि परीक्षा उपयोगी प्रश्नों को लिख-लिखकर अभ्यास करें तथा स्वयं में जागरूकता विकसित करें। समय के अनुसार स्वयं को ढालना और आत्मबल को मजबूत करना सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आत्म अनुशासन और दृढ़ संकल्प ही व्यक्ति को महान बनाते हैं। यदि विद्यार्थी नियमित दिनचर्या अपनाकर लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, तो निश्चित ही वे उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

HEALTH TOWN




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय ओपन प्रो कबड्डी स्पर्धा 27 से

**दुर्गुकोंदल।** सुभानी खेड़ेगाव कोण्डे में पहली बार तीन दिवसीय ओपन चैलेंज महिला एवं पुरुष प्रो कबड्डी प्रतियोगिता सीजन 1 का आयोजन 27 फरवरी से 01 मार्च निर्धारित किया गया है। जय सेवा नव युवा समिति सुभानी खेड़ेगांव कोण्डे के पदाधिकारियों ने बताया कि पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10,000 रुपए तथा ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 5,500 रुपए समिति द्वारा ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 2,500 रुपए और महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5,500 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 2,500 रुपए व ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 1,500 रुपए समिति है।

### जहर खाना से युवक की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 104 निवासी 27 वर्षीय सुजित मंडल पिता सुजैन मंडल ने जहर खाकर जान दे दी। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने 6 फरवरी को जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, लेकिन उसका मौत हो गया। युवक ने जहर किस वजह से खाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत कोदापाखा के मेन रोड जंगल के पास सिकसोड़ थानांतर्गत ग्राम सेरवाही निवासी 22 वर्षीय परदेशी राम गावड़े पिता कगलू राम गावड़े का सड़क दुर्घटना हो गया। गंभीर चोट आने की वजह से उसका 13 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 30 योगेंद्र नगर निवासी 30 वर्षीय केशव सिकदार पिता स्व. कुमारेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सिविल अस्पताल पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने 12 फरवरी को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### ग्राम टूराखार में मनाया गया जल अर्पण दिवस

**कांकेर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखंड कांकेर के ग्राम टूराखार में जल अर्पण दिवस का आयोजन जन सहभागिता के साथ किया गया। ग्रामीणों को नियमित रूप से जल कर का भुगतान करने के लिए प्रेरित किया गया।

**महाशिवरात्रि पर्व :** भूत-प्रेत, अघोरी, किन्नर और लोक नृत्य दल संग आधा किमी लंबी शोभायात्रा निकली

# वाराणसी की तर्ज पर धमतरी में निकली भोलेनाथ की बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महाशिवरात्रि पर्व पर शहर श्रद्धा और उत्साह से सराबोर नजर आया। इतवारी बाजार स्थित किले के प्राचीन श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर से निकली भव्य शिव बारात ने पूरे नगर को शिवमय कर दिया।

शनिवार शाम 4 बजे शोभायात्रा विंध्यवासिनी मंदिर से प्रारंभ होकर रामबाग गणेश चौक, सदर बाजार, इतवारी बाजार, कचहरी चौक और तहसील मार्ग से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची। लगभग आधा किलोमीटर लंबी इस बारात को देखने हजारों श्रद्धालु उमड़े। मार्गभर हर-हर महादेव और जय भोले के जयघोष गूंजते रहे।

### घोड़ों के करतब और अघोरी दल रहे आकर्षण

दुर्ग से मंगाए गए आठ घोड़ों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। डमरू वादकों और अघोरी साधुओं की टोलियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बालाघाट से आए अघोरी दल और



उड़ीसा से पहुंचे कलाकारों ने विशेष प्रस्तुति दी।

### नगर में दिखी लोक संस्कृति की जीवंत झलक

छत्तीसगढ़ की किन्नर टोली ने शिव आराधना करते हुए नृत्य प्रस्तुत किया। रायपुर की राउत नाचा टीम दोहा गाते हुए आगे बढ़ी। कोंडागांव का बस्तर नृत्य और आंगा देव की प्रस्तुति ने पारंपरिक संस्कृति को सजीव कर दिया।



रायपुर व धमतरी की स्केटिंग टीम ने मार्ग में रंगोली बनाकर शोभायात्रा को विशिष्ट रूप दिया। बारात में धूप ठेला, गांव का पारंपरिक बाजा, जालमपुर का धुमाल दल, भक्तगणों की टोली, डोडकी का डीजे सेटअप, रायपुर की झांकी ट्राली, नागपुर की काली मां झांकी तथा बिट्टू का बड़ा डीजे सेटअप विशेष आकर्षण रहे। सोनू अघोरी एवं उनके साथ आए भक्तगणों ने भी श्रद्धालुओं का







ध्यान खींचा। नगर निगम की सफाई टीम ने पूरे मार्ग में स्वच्छता व्यवस्था संभाली।

### श्रद्धालुओं ने उठाई पालकी

बारात के अंतिम चरण में भगवान भोलेनाथ की पालकी श्रद्धालुओं ने कंधों पर उठाई। मंदिर पहुंचने पर आतिशबाजी और महाआरती के साथ स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में त्रिपुंड तिलक लगाया गया और प्रसाद वितरण किया गया।





### हल्दी रस्म से हुआ शुभारंभ

बारात से पूर्व मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती को हल्दी अर्पित करने की पारंपरिक रस्म श्रद्धापूर्वक संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न इस रस्म मे महिलाओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। भक्ति, लोकसंस्कृति और सामाजिक सहभागिता के संगम ने इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

# नई पीढ़ी को केवल कागजी डिग्री नहीं बल्कि वैश्विक हुनर की जरूरत : अजय

- कुरुद एवं भखारा कॉलेज में आयोजित हुआ स्नेह-मिलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह
- विधायक ने भ्रम की राजनीति करने वालों पर भी किया कड़ा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नई पीढ़ी को केवल कागजी डिग्री नहीं, बल्कि वैश्विक हुनर की जरूरत है। हमारी जिम्मेदारी केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां वे अपनी योग्यता साबित कर सकें। लेकिन यह तभी संभव है जब राजनीति में अशिक्षित और असभ्य सोच के बजाय बौद्धिक और प्रगतिशील नेतृत्व को बढ़ावा मिले। उक्त विचार विधायक अजय चंद्राकर ने कॉलेज छात्र-छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। शनिवार को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद एवं भखारा में स्नेह मिलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य द्वय डॉ. एके मिश्रा कुरुद एवं डॉ. मंजूलता झा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में वर्ष भर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिपं सभापति पूजा सिन्हा, नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, जपं सभापति द्वय आनंद यदु, सिंधु बैस, जनभागीदारी अध्यक्ष द्वय टिकेश साहू, झम्मन साहू, कृष्णकान्त साहू, हरख जैन, भोजराज चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, विष्णु साहू, सूरज देवांगन, महेश केला, रवि सिन्हा, छत्रपाल बैस, रामस्वरूप साहू के अलावा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, कॉलेज के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।







### ईमानदार नेतृत्व से खुलते हैं भविष्य के द्वार

समारोह में विधायक चंद्राकर ने क्षेत्र के राजनीतिक इतिहास पर बेबाक टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान दो बार ऐसा डार्क एज (पिछड़ा काल) आया, जिसमें स्वयंभू नेताओं ने विकास की एक ईंट तक नहीं लगाई। उन्होंने रेखांकित किया कि आजादी के बाद पहली बार कुरुद विधानसभा में एग्रीकल्चर, बीएड, नर्सिंग, विधि, पॉलिटेक्निक, बीपीएड और लाइवलीहुड जैसे सात विभिन्न संकायों के महाविद्यालय एक साथ संचालित होने जा रहे हैं। ये सभी संस्थान जॉब ओरिएंटेड हैं, जो युवाओं के लिए भविष्य के द्वार खोलेंगे। उन्होंने इसे नेतृत्वकर्ता की ईमानदारी और दायित्व निर्वहन का परिणाम बताया।

### अशिक्षित व गैर संस्कारी लोगों के लिये कोई स्थान नहीं

अजय चंद्राकर ने सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य के साथ आम जनता के लिए जुटाई जा रही सरकारी सुविधाओं व शैक्षणिक विस्तार का ब्लूप्रिंट साझा करते हुए बताया कि प्रदेश का सकल नामांकन अनुपात ( जीईआर) जैसा भी हो, लेकिन कुरुद का लक्ष्य 50 प्रतिशत से ऊपर होना चाहिए। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि इस महान उद्देश्य की प्राप्ति के लिए जरूरी है कि त्रिस्तरीय पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक केवल पढ़े-लिखे और संस्कारित लोग ही चुनकर आएं। यह क्षेत्र उन, अशिक्षित, नशेड़ी, अशिष्ट और असंस्कारी लोगों का बिलकुल नहीं हो सकता जो केवल जनता को बरगलाने और अभद्रता करने के लिए राजनीति का चोला पहनते हैं।

### भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहें जेन-जी

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कुरुद को विशिष्ट एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने के लिए व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जेन-जी (आज की युवा पीढ़ी) को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) और डेटा साइंस जैसे आधुनिक विषयों में पारंगत होना चाहिए, ताकि वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। उन्होंने युवाओं को 'नशा जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर एक संस्कारित समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

### वैश्विक चुनौतियों के लिए आउटस्टैंडिंग परफार्मेंस जरूरी

श्री चंद्राकर ने आर्थिक बदलावों का जिक्र करते हुए आगाह किया कि भविष्य में सरकार का आकार सिकुड़ेगा और निजी क्षेत्रों का विस्तार होगा। इसके लिए वैश्विक स्तर पर दक्ष मानव संसाधन की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मुकाबले की दुनिया में केवल औसत होना पर्याप्त नहीं, बल्कि आउटस्टैंडिंग परफार्मेंस और उद्यमिता ही आपको सफल बनाएगी। कुरुद में जुटाई जा रही ये तमाम सुविधाएं क्षेत्र की मानसिकता में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का एक प्रयास है।

# मेनोनाईट स्कूल के छात्रों का ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सिल्वर ज़ोन द्वारा आयोजित अंग्रेजी भाषा की ओलंपियाड परीक्षा के विभिन्न स्तरों में अपनी सहभागिता दी। प्राइमरी, मिडिल और हायर सेकेंडरी स्तर की कक्षाओं के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर ज़ोनल और राज्य स्तर पर अपनी उत्कृष्ट अंग्रेजी भाषा में दक्षता और कौशल का प्रदर्शन किया। सिल्वर ज़ोन द्वारा आयोजित इस ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों ने सर्टिफिकेट एवं मेडल प्राप्त किए। कक्षा सातवीं के छात्र मास्टर आरव लाल ने मिडिल क्लास ज़ोन की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट प्राप्त किया। अंग्रेजी भाषा की ओलंपियाड परीक्षा में कक्षा बारहवीं की रूपाली देवांगन ने प्रथम, रश्मि गंजीर ने द्वितीय और पुलकित साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए मेडल एवं सर्टिफिकेट प्राप्त कर अपने परिवार के साथ शाला को भी गौरवान्वित किया।


# होली से पहले किसानों को मिलेगी अंतर की राशि : विकास



**कुरूद।** भाजपा नेता जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास चंद्राकर ने राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान करने के निर्णय को ऐतिहासिक एवं किसान हितैषी बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया था, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप पूरा हो रहा है। किसानों को मिल रही यह सौगात वास्तव में मोदी की गारंटी की गारंटी है। प्रदेश की साय सरकार किसानों के समृद्ध भविष्य और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का भुगतान होली से पहले एकमुश्त किया जाना किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। समय पर बोनस और अंतर की राशि का भुगतान कर साय सरकार ने भरोसे की नई मिसाल कायम की है।

# आज महाशिवरात्रि पर कोर्रा में होगा रूद्राभिषेक

**कोर्रा (भखारा)।** महाशिवरात्रि पर ग्राम कोर्रा (भखारा) स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जा रहा है। आज 15 फरवरी को रूद्राभिषेक, शिव की बारात, अघोर झांकी एवं भोग भंडारा प्रमुख आकर्षण रहेंगे। आयोजन की शुरुआत सुबह 7 बजे मंदिर प्रांगण में रूद्राभिषेक से होगी। सुबह 10 बजे से अजय सरस्वती अघोर ग्रुप, दुर्ग (छत्तीसगढ़) के विशेष सहयोग से शिव की बारात व अघोर झांकी निकाली जाएगी, जो



शीतला मंदिर प्रांगण से श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंचेगी। दोपहर 2 बजे से मंदिर प्रांगण में भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

# शिव महोत्सव एवं महाशिवरात्रि पर्व पर जुटी आस्था की भीड़





- समाजसेवी पं. राजेश शर्मा दोनों कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में शिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की गहरी आस्था देखने को मिली। गोकुलपुर वार्ड में आयोजित पांच दिवसीय शिव महोत्सव तथा तरसींवा में संपन्न 37वें महाशिवरात्रि महोत्सव में समाजसेवी पं. राजेश शर्मा विशेष रूप से शामिल हुए और श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

गोकुलपुर में मानस समिति एवं गोकुलेश्वर महादेव के सानिध्य में आयोजित शिव महापुराण कथा में प्रख्यात कथावाचक कामताशरण महाराज ने भारतीय नारी को संस्कार और मर्यादा की प्रतीक बताते हुए भगवान शंकर एवं माता पार्वती की कथा के माध्यम से नारी जागरण का संदेश दिया। इस अवसर पर पं. राजेश शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को सौम्य, सरल, सुसंस्कारी और सुशिक्षित पीढ़ी प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को प्रोत्साहित करते हुए 20 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की।

वहीं तरसींवा में महाशिवरात्रि से पूर्व आयोजित विशेष शिव पूजन एवं तीन दिवसीय रामकथा महोत्सव में पं. शर्मा ने कहा कि शिव सत्य का शाश्वत स्वरूप है और शिवरात्रि हमें असत्य त्यागकर सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ननि के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने शिवरात्रि को सृष्टि के सृजन का महापर्व बताया।

# हाईकोर्ट के आदेश का पांच साल बाद भी पालन नहीं



- गंगरेल में डूब प्रभावितों का अनिश्चितकालीन धरना 23 से
- प्रशासन के खिलाफ डूब प्रभावितों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का फैसला लिया है। एसपी कार्यालय के सामने समिति तथा प्रभावितों की चमाचम बैठक हुई जिसमें 23 फरवरी से गांधी मैदान में प्रभावित परिवारों को न्यायोचित मांगों के समाधान होने तक धरना प्रदर्शन करेंगे।

गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर मरकाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर ने 16 दिसम्बर 2020 को रिट याचिका में स्पष्ट निर्देश दिया है कि 2004 से 2010 के मध्य भूमि प्राप्त प्रभावितों के समकक्ष अन्य पात्र प्रभावितों के दावे पर समानता के आधार पर भूमि का आवंटन किया जाए।

न्यायालय ने आदेश के तीन माह भीतर सक्षम प्राधिकारी को कार्रवाई करने का स्पष्ट निर्देश दिया है।

उन्होंने बताया कि आदेश को पारित हुए पांच साल बीतने के बाद भी जिला प्रशासन, राजस्व विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश का पालन नहीं किया। प्रभावित परिवार आज भी न्यायोचित भूमि और स्थायी पुनर्वास से वंचित हैं। परिवार की आजीविका असुरक्षित है।

बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई है। ग्रामीण जीवन की स्थिरता गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। यह स्थिति उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना और प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है।

समिति एवं प्रभावितों की बैठक में निर्णय लिया गया है कि उच्च न्यायालय के आदेश का पालन तत्काल नहीं किया गया तो 23 फरवरी से गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से महाराजी राम ध्रुव, आत्माराम ध्रुव, कृपाराम सिन्हा, सहदेव साहू, पंजेराम मंडावी, रोहित नेताम, जयकुमार सेन, गोपालराम सिन्हा, शंभूराम, पुष्कर सोरी, उत्तम सहारे सहित डूब प्रभावित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज